दैनिक
द डेसिप्रग

वर्ष: 4 | अंक:266 | मूल्य: 3 रू | पेज: 8 | जयपुर, रविवार/ 19 अक्टूबर /2025 | जयपुर से प्रकाशित (सीकर, जोधपुर, कोटा, भरतपुर, सिरोही से प्रसारित)

पाक सैनिकों के पैंट की तालिबान ने निकाली परेड

‘93000 पैंट्स सेरेमनी 2.0’ का दे दिया है नाम, भारत से है कनेक्शन

काबुल (एजेंसी)। अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच तनाव लगातार बना हुआ है। इस बीच तालिबान लड़ाकों ने कुछ ऐसा किया है, जो सोशल मीडिया पर ट्रेंड होने लगा है। तालिबान लड़ाकों ने पाकिस्तानी सैनिकों के पैंट की परेड निकाल दी। इसके अलावा उन टैंकों को भी दिखाया जो उन्होंने पाकिस्तान सेना से कब्जा किया है। तालिबान के इस ऐक्शन का भारत से भी कनेक्शन जुड़ गया है। असल में अफगानिस्तान के एक्टिविस्ट्स ने इसे ‘93000 पैंट्स सेरेमनी 2.0’ का नाम दे दिया है। बता दें कि 1971 में भारत के खिलाफ युद्ध के दौरान 93000 पाकिस्तानी सैनिकों ने आत्मसमर्पण किया था। तब से ही यह नंबर पाकिस्तान के लिए शर्म का प्रतीक बन गया है। इसके साथ ही एक्स पर 93000 एक ट्रेंडिंग टॉपिक बन गया। इससे जुड़ी पोस्ट्स में 1971 की जंग में पाकिस्तान के लेफ्टिनेंट जनरल रहे आमिर अब्दुल्ला नियाजी की फोटो भी है।

इसमें वह भारत के लेफ्टिनेंट जनरल जगजीत सिंह अरोरा के सामने आत्मसमर्पण के कागजों पर दस्तखत कर रहे हैं। 1971 की यह तस्वीर भारतीय सेना के शौर्य की सबसे शानदार प्रतीक है। 13 दिनों तक चली लड़ाई के बाद पाकिस्तानी सेना प्रमुख ने 93000 सैनिकों के साथ भारतीय सेना और बांग्लादेश की मुक्ति बाहिनी के सामने समर्पण किया था। इसके बाद ही बांग्लादेश का निर्माण हुआ था। काबुल के एक मशहूर एक्टिविस्ट फजल अफगान ने इसको लेकर एक्स पर लिखा कि 1971 में भारतीयों के सामने समर्पण किया। 2025 में अफगानों के सामने सरेंडर किया। लंबा समय हुआ, लेकिन टीम 93000 के लिए कुछ नहीं बदला। उन्होंने आगे लिखा कि आज नहीं तो कल अफगानिस्तान भारत का 93000 का रिकॉर्ड तोड़ेगा। वहीं, लेखक और मिलिट्री के दिग्गज कंवलजीत सिंह ढिल्लो भी पीछे नहीं रहे। उन्होंने 1971 के पाकिस्तानी सरेंडर वाली फोटो पोस्ट करते हुए लिखा, ‘93000 हमेशा से पसंदीदा अंक रहा है।’ अफगानिस्तान के पत्रकार वकील मुबारिज ने भी पाकिस्तान का मजाक उड़ाया।

गुजरात कैबिनेट में 19 नए चेहरे, 3 महिलाओं को जगह

पहले 16 मंत्रियों का ले लिया इस्तीफा, फिर 26 की शपथ

गांधीनगर (एजेंसी)। गुजरात में भाजपा ने महज 3 साल में सीएम भूपेंद्र पटेल के अलावा लगभग पूरी सरकार बदल दी। पार्टी ने गुरुवार को 16 मंत्रियों से इस्तीफा लिया और शुक्रवार को 26 मंत्रियों को शपथ दिलाई गई। कैबिनेट

- सीएम भूपेन्द्र पटेल समेत 8 मंत्री सिर्फ पटेल समाज से हैं

में 19 नए चेहरे हैं, जबकि पिछली बार के 6 मंत्री ही अपना पद कायम रख पाए हैं। वहीं, 8 ओबीसी, 3 एससी, 4 एसटी और 3 महिलाएं हैं। सीएम समेत 8 मंत्री पटेल समाज से हैं। खास बात यह है कि हटाए गए मंत्रियों पर न तो कोई आरोप था और न कोई कानूनी केस। इसके बावजूद सरकार में बड़े फेरबदल को गुजरात में 2027 के विधानसभा चुनाव की तैयारी के तौर पर देखा जा रहा है। भाजपा ने महज 3 साल में सीएम के अलावा पूरी सरकार को बदल दिया है। पार्टी ने भूपेंद्र पटेल के सभी

16 मंत्रियों से इस्तीफा देने को कहा, ताकि नया मंत्रिमंडल बनाने के लिए पूरी आजादी मिले। जानकारी के मुताबिक कई मंत्रियों का प्रदर्शन कमजोर था। पार्टी लीडरशिप उनकी जगह नए चेहरे लाकर सरकार का कामकाज बेहतर करेगी।

मुख्यमंत्री आज ब्यावरा से देंगे 277 करोड़ की राहत

- डॉ. यादव 33 करोड़ की जल प्रदाय योजना शुरू करेंगे

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 18 अक्टूबर को राजगढ़ जिले के ब्यावरा में किसानों को राहत राशि देंगे। इस दौरान वे प्राकृतिक आपदा से प्रभावित किसानों के खातों में 277 करोड़ रुपए की राहत राशि सीधे ट्रांसफर करेंगे। कार्यक्रम नवीन दशहरा मैदान, हॉस्पिटल रोड ब्यावरा में आयोजित होगा। मुख्यमंत्री

डॉ. यादव इस मौके पर 33 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाली ब्यावरा नगर जल प्रदाय योजना का भूमिपूजन करेंगे। इसके साथ ही 193 करोड़ रुपए के 41 विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन भी किया जाएगा। इनमें सड़क, पेयजल, स्वास्थ्य और शिक्षा से जुड़े कई काम शामिल हैं, जिनसे जिले के नागरिकों को सीधा लाभ मिलेगा। कार्यक्रम में प्रदेश सरकार के कई मंत्री और जनप्रतिनिधि मौजूद रहेंगे। इनमें जिले के प्रभारी मंत्री चैतन्य काश्यप, राज्य मंत्री नारायण सिंह पंवार, राज्य मंत्री गौतम टेटवाल, सांसद रोडमल नागर, जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष मोहन नागर, जिला पंचायत अध्यक्ष चंदर सिंह सौंधिया, विधायक अमर सिंह यादव, हजारीलाल दांगी, मोहन शर्मा, भाजपा जिला अध्यक्ष ज्ञानसिंह गुर्जर, जनपद पंचायत अध्यक्ष राधाबाई और नगर पालिका अध्यक्ष लीलादेवी शामिल रहेंगे।

लद्दाख में भारतीय सेना ने बना लिया ‘मदर हब’

अब हर मौसम में रहेगी पूरी तैयारी, देखते रह जाएंगे चीन और पाकिस्तान

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय सेना के नई पीढ़ी के वाहनों के लिए लद्दाख में एक विशाल लॉजिस्टिक हब स्थापित किया गया है, जिसे ‘मदर हब’ कहा जा रहा है। लेह-लद्दाख से पाकिस्तान और चीन की लंबी सीमाएं जुड़ती हैं, लेकिन यहां के दुर्गम इलाकों में साल के 6 महीने खराब मौसम की वजह से आवाजाही बहुत ही मुश्किल रहती है। भारतीय सेना ने इसी को देखते हुए, वहां नई पीढ़ी के वाहनों की मरम्मत के लिए बड़ा सेंटर स्थापित करके सेना की ऑपरेशन ताकत में कई गुना बढ़ोतरी कर दी है। यह नया हब सेना को ऊंचाई वाले इलाकों में अपने वाहनों को बेहतर ढंग से चलाने और उनकी देखभाल करने में सहायता करेगा। इससे सीमा पर सेना की ताकत और बढ़ेगी। फायर एंड फ्यूरी कोर के जनरल ऑफीसर कमांडिंग लेफ्टिनेंट जनरल हितेश भल्ला ने लेह में गुरुवार को इस नई सुविधा का उद्घाटन किया है। रक्षा मंत्रालय के एक प्रवक्ता के मुताबिक यह ‘मदर हब’ ऊंचाई वाले दुर्गम इलाकों में सेना की ऑपरेशनल क्षमता में महत्वपूर्ण बढ़ोतरी कर देगा। क्योंकि, अब ऐसे सैन्य वाहनों को मरम्मत के लिए दूर नहीं भेजना होगा। आने वाले समय में भारत-पाकिस्तान और भारत चीन सीमा के करीब कारगिल, तंगत्से और न्याओमा जैसे क्षेत्रों में इसी तरह से सैटेलाइट हब बनाने की भी योजना है।

सभी तरह की लॉजिस्टिक और मेंटेनेंस सुविधा

लद्दाख के ज्यादातर क्षेत्रों में सर्दियों के मौसम में पहुंचना बहुत ही मुश्किल होता है। इससे आधुनिक नई पीढ़ी के वाहनों के संचालन में जो दिक्कतें आती हैं, उन्हें ‘मदर हब’ की वजह से बहुत बड़ी राहत मिलने वाली है। क्योंकि, इसे इस तरह से डिजाइन किया गया है कि सभी तरह की लॉजिस्टिक और मेंटेनेंस का काम यहीं पर हो जाए और उन्हें दूर भेजने की जरूरत ही न पड़े। इस हब में मरम्मत के लिए सभी तरह के उपकरण, कलपुर्जे उपलब्ध होंगे, ताकि वाहनों के साथ किसी तरह की दिक्कत आने पर उन्हें तत्काल वहीं पर ठीक किया जा सके, जिससे उनकी उपलब्धता में अब परेशानी नहीं होगी।

मदर हब की हर क्षेत्र से बेहतरीन कनेक्टिविटी

लेह में जिस जगह पर ‘मदर हब’ बनाया गया है, वह सामरिक रूप से एक ऐसा चौराहा है, जहां से लद्दाख के सभी सैन्य क्षेत्रों तक कम समय में पहुंचा जा सकता है। यही नहीं, यहां एक बेहतरीन एयर कनेक्टिविटी भी उपलब्ध है। रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता के मुताबिक यह हब रिपेयरिंग, वाहनों में हुई खराबी की पहचान के लिए न सिर्फ प्राइमरी सेंटर के रूप में काम करेगा, बल्कि यहां पर सभी तरह के महत्वपूर्ण कलपुर्जों का विशाल भंडार भी रखा जाएगा। रक्षा उद्योग में साझेदार की भूमिका निभाने वाले, टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड, महिंद्रा डिफेंस सिस्टम्स लिमिटेड, भारत फोर्ज लिमिटेड, जेएसडब्ल्यू गीको मोटर्स प्राइवेट लिमिटेड, पोलारिस और जेसीबीआईएल ग्रुप से जुड़े एक्सपर्ट भी यहां उपब्ध रहेंगे, जिनसे तुरंत तकनीकी सहायता उपलब्ध हो सकेगी और मरम्मत से जुड़ी सारी समस्याओं का तेजी से समाधान भी मिलेगा और वारंटी सेवाएं मुहैया करवाई जा सकेंगी।

महाकाल मंदिर में मिलेंगे स्वास्थ्यवर्धक रागी के लड्डू

- दीपावली से होगी शुरुआत, रागी का लड्डू श्रद्धालुओं को ब्लड प्रेशर, हार्ट के रोगों से बचाएगा

भोपाल। ज्योतिर्लिंग श्री महाकालेश्वर देश का पहला मंदिर रहेगा, जहां पर श्रीअन्नम् रागी लड्डू प्रसाद मिलेंगे। दीपावली पर श्री महाकालेश्वर को भोग लगाकर इसकी शुरुआत की जाएगी। रागी के लड्डू में ड्रायफ्रूट मिलाकर महाकाल मंदिर से ही बेचा जाएगा। खास बात ये कि

मंदिर समिति लड्डुओं को नो प्रॉफिट-नो लॉस में बेंचेगी। श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रशासक प्रथम कौशिक ने बताया कि इसी दीवाली से रागी के लड्डुओं की शुरुआत की जाएगी। फिलहाल लड्डू अन्न क्षेत्र में बनाए जाएंगे, श्रद्धालुओं के सेहत को ध्यान में रखते हुए रागी के लड्डुओं का निर्णय लिया गया है। जिसे महाकाल मंदिर समिति देसी घी गुड़ और ड्रायफ्रूट से बनवाएगी। यह लड्डू मंदिर के सभी दान काउंटर के पास श्रद्धालुओं को मिल सकेगा। फिलहाल प्रति माह 50 क्विंटल बनाने की योजना है। हड्डियों को मजबूती रागी में कैल्शियम, मैग्नीशियम और फास्फोरस होता है, जो हड्डियों को मजबूत करता है।

स्कूलों-कॉलेजों में संघ की गतिविधियों पर लगेगा बैन

कर्नाटक कैबिनेट का बड़ा फैसला, नया कानून जल्द

बेंगलुरु (एजेंसी)। कर्नाटक मंत्रिमंडल ने सरकारी स्कूलों और कॉलेज परिसरों में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की गतिविधियों को रोकने के लिए नियम लाने का फैसला किया है। राज्य के मंत्री प्रियांक खरगे ने इसकी जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि गुरुवार को कर्नाटक कैबिनेट ने राज्य के सरकारी स्कूलों और कॉलेजों के परिसरों में संघ की गतिविधियों को रोकने के लिए नियम लाने का फैसला किया है। खरगे की यह टिप्पणी कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया की उस टिप्पणी के बाद आई है, जिसमें उन्होंने एक दिन पहले ही कहा था कि उनकी सरकार इस बात पर विचार कर रही है कि कैसे सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी संगठन लोगों को परेशान न करे। कर्नाटक कैबिनेट के इस फैसले से राज्यभर के सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों और कॉलेजों के परिसरों में अब आरएसएस की बैठकों और अन्य गतिविधियों पर प्रतिबंध लगने की संभावना है।

पाकिस्तान के नॉर्थ वजीरिस्तान में आर्मी कैंप पर टीटीपी का हमला

- 7 पाकिस्तानी सैनिकों की मौत, 13 घायल, 4 उग्रवादी भी मारे गए

इस्लामाबाद (एजेंसी)। पाकिस्तान के नॉर्थ वजीरिस्तान के मीर अली इलाके में शुक्रवार को आत्मघाती हमला हुआ है। मीडिया

रिपोर्ट्स के मुताबिक इस हमले में 7 पाकिस्तानी सैनिक मारे गए हैं। इसके अलावा 13 घायल हुए हैं। पाकिस्तानी अधिकारियों के मुताबिक हमले के लिए जिम्मेदार 4 उग्रवादी भी मारे गए हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक एक उग्रवादी ने विस्फोटकों से भरी गाड़ी को आर्मी कैंप की दीवार से टकरा दिया। इसके अलावा तीन कैंप के अंदर घुसने की कोशिश कर रहे थे, जो जवाबी कार्रवाई में मारे गए। पाकिस्तानी अधिकारियों ने दावा किया है कि हमले में उनका कोई भी सैनिक नहीं मारा गया है।

2 नवंबर से ट्रेनिंग कैंप, खड़गे समेत कई एक्सपर्ट आएंगे

एमपी के कांग्रेस जिलाध्यक्षों की राहुल गांधी लेंगे क्लास

भोपाल। एमपी के कांग्रेस जिलाध्यक्षों की अगले महीने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी क्लास लेंगे। पचमढ़ी के होटल हाईलैंड में 2 नवंबर से 11 नवंबर तक ट्रेनिंग कैंप चलेगा। सभी 71 जिला अध्यक्ष 10 दिन यहां ही रहेंगे। पार्टी ने इसके लिए दिशा निर्देश जारी कर दिए हैं। इस ट्रेनिंग कैंप में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, जयराम रमेश, सुप्रिया श्रीनेत, पवन खेड़ा, शशिकांत सेंथिल, सहित तमाम दिग्गज नेता और

एक्सपर्ट शामिल होंगे। बिहार चुनाव के चलते राहुल गांधी के आने की तारीख तय नहीं हुई है। एमपी कांग्रेस की ओर से राहुल गांधी को दो दिन शामिल रहने का प्रस्ताव भेजा गया है। ट्रेनिंग के दौरान राहुल गांधी जिला अध्यक्षों को न केवल संबोधित करेंगे, बल्कि, जिला अध्यक्षों से वन टू वन बातचीत भी करेंगे। जिला अध्यक्षों से उनके जिले की सामाजिक, राजनीतिक परिस्थितियों, चुनौतियों और भविष्य की रणनीति पर चर्चा कर सकते हैं।

बेंगलुरु शहर में अब बनेगा नया बिजनेस कॉरिडोर

शहर में जाम का होगा काम तमाम, नया है प्रोजेक्ट

बेंगलुरु (एजेंसी)। देश का बड़ा औद्योगिक शहर बेंगलुरु किलोमीटरों तक लगने वाले जाम के चलते चर्चा में रहा है। शहर का जनजीवन भी

इस जाम की समस्या से प्रभावित हुआ है और अब इससे निपटने के लिए बेंगलुरु बिजनेस कॉरिडोर बनाने की तैयारी है। इस 117 किलोमीटर के कॉरिडोर से टेक सिटी को जाम मुक्त करने का प्लान है। यह दिल्ली के रिंग रोड जैसा होगा, जो पूरे बेंगलुरु को बाहर से होते हुए ही कनेक्ट करेगा। कर्नाटक कैबिनेट की ओर से इसकी मंजूरी मिल गई है। इस प्रोजेक्ट को बेंगलुरु डिवेलपमेंट अथॉरिटी की ओर से पूरा किया जाएगा और इसकी टाइमलाइन दो साल की रखी गई है।

इजरायली रडार और ब्रह्मोस की ताकत से है लैस

नई दिल्ली (एजेंसी)। शुक्रवार का दिन भारतीय रक्षा इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में अंकित हो गया। हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) की नासिक फैसिलिटी से लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एलसीए) तेजस एमके-1ए ने अपनी पहली सफल उड़ान भरी। इस ऐतिहासिक क्षण का साक्षी बनने के लिए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी मौजूद थे। एसयू-30 एमकेआई और एचटीटी-40 ट्रेनर विमानों की फ्लाई-पास्ट के बीच यह उड़ान न केवल एक तकनीकी उपलब्धि है, बल्कि आत्मनिर्भर भारत अभियान की जीत भी है। यह स्वदेशी योद्धा

स्वदेशी योद्धा ने भरी ऐतिहासिक उड़ान, तेजस का युग शुरू!

भारत की वायु सेना को कैसे नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा। तेजस का सफर आसान नहीं था। 1980 के दशक में शुरू हुआ यह प्रोजेक्ट मूल रूप से लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एलसीए) के रूप में विकसित किया गया। लेकिन इसने कई चुनौतियों का सामना किया। इंजन की कमी, तकनीकी जटिलताएं और ग्लोबल सप्लाई चैन की बाधाओं ने इसे विलंबित किया। मूल तेजस एमके-1 को 2015 में भारतीय वायु सेना (आईएएफ) में शामिल किया गया, लेकिन एमके-1ए संस्करण की प्रतीक्षा लंबी खिंच गई।

वायुसेना की चुनौतियां और भविष्य की योजना

भारतीय वायुसेना वर्तमान में अपनी स्वीकृत 42 स्क्वाड्रनों की तुलना में केवल 29 स्क्वाड्रनों पर संचालित हो रही है। वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल ए.पी. सिंह ने हाल ही में कहा था कि वायुसेना को हर साल कम से कम दो स्क्वाड्रन (30-40 विमान) चाहिए ताकि उसका संतुलन बनाए रखा जा सके। 2021 में रक्षा मंत्रालय ने एचएएल के साथ 48,000 करोड़ रुपये का कॉन्ट्रैक्ट किया था, जिसके तहत 83 तेजस एमके 1ए विमान खरीदे जाने थे।

दीपावली पर खरीदारी के लिए बाजारों में ग्राहकों की चहल-पहल

धनतेरस पर बाजार में बरसा धन

द डेस्प्रिंग

मुंडावर /हवासिंह चौधरी । दीपावली पर्व के आगमन के साथ ही सोडावास का बाजार रोशनी और रौनक से जगमगा उठा । शनिवार को धनतेरस के साथ दीपोत्सव की शुरुआत हुई। शुभ मुहूर्त के बाजारों में धन बरसा की उम्मीद हुई । व्यापारी वर्ग ग्राहकों के स्वागत को तत्पर रहे। कस्बे के मुख्य बाजारों में मिट्टी के दीपको से लेकर सजावटी इलेक्ट्रॉनिक आइटम, बर्तन, ऑटोमोबाइल, फर्नीचर, रेडीमेड कपड़े फैंसी लाइट्स और उपहार सामग्री की दुकाने रंग-बिरंगी लाइटों से सजी हुई रही। ग्राहकों की सुविधा के लिए दुकानदारों ने नए ऑफर और डिस्काउंट योजना भी शुरू की। धनतेरस पर बर्तन खरीदना भी शुभ माना जाता रहा है जिससे बर्तन बाजार में भी उत्साह बना रहा। ज्वेलर्स एंड इलेक्ट्रॉनिक कारोबारी ने धनतेरस पर भारी बिक्री की।

श्री हनुमान जी पर लगने वाले मेला का उद्घाटन के साथ मंदिर स्थल को पर्यटन स्थल बनाने की बात कही

राज्यमंत्री संजीव सिंह गोंड ने घोषणा किया मंदिर परिसर के लिए विकास कराने का वायदा किया

प्रदेश सरकार का मंत्री के आगमन पर नगर पंचायत अनपरा के ईओ और अध्यक्ष मौके पर नहीं दिखे

द डेस्प्रिंग

सिंगरौली थाना अनपरा परिक्षेत्र में स्थित श्री हनुमान जी मंदिर झिंगुरदह में हनुमान जयंती धनतेरस के पावन पर्व पर विशाल मेले का शुभारंभ किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाज कल्याण अनसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति राज्य मंत्री संजीव सिंह गोंड उपस्थित रहे। मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश के सीमा पर सोनभद्र के औड़ी पहाड़ी स्थित झिंगुरदाह हनुमान मंदिर सिद्धपीठ की मान्यता रखने वाले इस मंदिर प्रत्येक वर्ष की भांती हनुमान जयंती धनतेरस के दिन विशाल मेले का आयोजन किया जाता है जो की 15 दिनो तक यह मेला होता हैं जिसमे क्षेत्र के अनपरा, शक्तिनगर, सिंगरौली समेत आसपास के 108 ग्रामीण इलाके के तमाम भक्त लोग यहां दर्शन पूजन एवं मेला घुमने के लिए आते हैं 15 दिन तक लगातार मेले के दौरान सोनभद्र सिंगरौली छत्तीसगढ़ झारखंड बिहार इन राज्यों से श्रद्धालुओं की भीड़ लाखों की संख्या में पहुंचती है। मंदिर परिसर में रोजाना भजन कीर्तन रामायण सुंदरकांड पूजन दर्शन मुंडन एवं मन्नत पुर्णावती भण्डारा भी होता है। कार्यक्रम के दौरान समाज कल्याण राज्यमंत्री संजीव सिंह गोंड अपने संबोधन मे कहा मंदिर परिसर सभी हनुमान भक्तो का है यहा सब मिल कर विकास किया जाएगा उन्होने मंदिर के विस्तार एवं विकास के लिए कहा की स्थानीय परियोजनाओ के प्रबंधक से बात करके सी एस आर निधि से हनुमान मंदिर का सुन्दरीकरण के लिए प्रस्ताव करेंगें। जय बजरंग सेवा समिति पहाड़ी वाले हनुमान मंदिर मेला समिति के व्यवस्थापक अजय प्रकाश पांडेय , अंजनी दुबे संत बाबाजी,दीपक सिंह, के सी जैन सिंघवी, आर डी सिंह, बाके सिंह, पूर्व भाजपा अनपरा मंडल अध्यक्ष प्रभा शंकर मिश्रा, प्रमोद शुक्ला भाजपा अनपरा मंडल अध्यक्ष, प्रमोद शुक्ला उर्फ बाबा, कृष्ण चौरसिया, दशाराम यादव, रविजित सिंह कंग,आकाश पाण्डेय,राकेश कुमार बैसवार उर्फ लाले , कृष्णा सिंह, कुंदन सिंह, नितेश सिंह चौहान,संदीप यादव, समिति के सभी पदाधिकारी मौजूद रहे।

दीपावली के शुभ अवसर पर रंगोली, आर्ट और क्राफ्ट का आयोजन

द डेस्प्रिंग

गोरखपुर / संजय कुमार । अमर सिंह पब्लिक स्कूल, अलीनगर में दीपावली के शुभ अवसर पर रंगोली, आर्ट और क्राफ्ट का आयोजन किया गया। अमर सिंह पब्लिक की प्रधानाचार्या ने कहा कि रंगोली माता लक्ष्मी गणेश जी के स्वागत के लिए बनाया जाता है। भगवान् गणेश जी बुद्धि के दाता है । बच्चों? में नयी चेतना जाग्रत करें जो राष्ट्र के धरोहर है। कवयित्री प्रेम लता रसबिन्दु ने कहा दीपावली जीवन में रोशनी और उल्लास का त्यौहार है। हर के जीवन को सवारने और नयी दिशा देने वाली प्रेरणा दायक है।

रानी उपखण्ड में दीपावली तैयारियों को लेकर SDM शिवा जोशी की समीक्षा बैठक

द डेस्प्रिंग

रानी / नगराज वैष्णव । आगामी दीपावली महोत्सव को शांति, सौहार्द एवं सुरक्षित वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से उपखण्ड अधिकारी सुश्री शिवा जोशी की अध्यक्षता में ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक उपखण्ड कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक में कानून-व्यवस्था, आतिशबाजी नियंत्रण, स्वच्छता, विद्युत आपूर्ति तथा आमजन की सुविधाओं को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक के दौरान स्ड्ढरू ने सभी विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करते हुए कहा कि दीपावली पर्व के अवसर पर बाजारों, सार्वजनिक स्थानों एवं धार्मिक स्थलों पर विशेष सतर्कता बरती जाए। पुलिस विभाग को भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में गश्त बढ़ाने तथा सुरक्षा इंतज़ाम मजबूत रखने के निर्देश दिए गए। आतिशबाजी नियंत्रण के संबंध में निर्देशित किया गया कि निर्धारित समय सीमा में ही पटाखों का उपयोग हो तथा अवैध एवं हानिकारक पटाखों पर सख्त कार्यवाही की जाए। नगर पालिका एवं ग्राम पंचायतों को बाजार क्षेत्रों में सफाई अभियान चलाने तथा सौंदर्यीकरण कार्य करने को कहा गया। विद्युत विभाग को निरंतर विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने तथा फायर ब्रिगेड एवं स्वास्थ्य विभाग को आपात स्थिति के लिए सतर्क रहने के निर्देश दिए गए। बैठक में उपस्थित अधिकारियों ने अपने-अपने विभागों की तैयारियों की जानकारी दी तथा आवश्यक समन्वय से कार्य करने का आश्वासन दिया। अंत में SDM शिवा जोशी ने कहा कि दीपावली का पर्व जनभागीदारी से ही सफल एवं शांतिपूर्ण बन सकता है, इसलिए सभी विभाग मिलकर बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करें।



जयपुर में 43 लाख के नकली नोट पकड़े

सिक्योरिटी फीचर देख चौंक गई एसओजी टीम, 1 लाख के बदले 4 लाख के नकली दे रहे थे

द डेस्प्रिंग

जयपुर । स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) ने जयपुर में 43 लाख रुपए के नकली नोट पकड़े। एसओजी ने 2 बदमाशों को अरेस्ट किया है। एसओजी की टीम इस गैंग पर पिछले 15 दिन से काम कर रही थी। कार्रवाई नारायण विहार इलाके में शुक्रवार देर रात 12 बजे हुई। चौंकाने वाली बात यह है कि नकली नोटों पर वाटर मार्क और सिक्योरिटी फीचर उभरा हुआ दिखाई दे रहा है। एडीजी एसओजी वीके सिंह ने बताया- त्योहार पर नकली नोट का चलन अधिक रहता है। इसलिए टीमें बदमाशों पर नजर बनाए हुई थी। टीम को जानकारी मिली की नकली नोटों की एक बड़ी खेप जयपुर में सप्लाई हुई है। इसके बाद टीम ने लोकेशन निकाली और मौके पर पहुंची। हमारी टीम ने नारायण विहार थाना पुलिस के साथ मिलकर बदमाशों को फ्लैट से पकड़ा और नकली नोट रिकवर किए। आगे की कार्रवाई साउथ जिला पुलिस की ओर से की जा रही है।



रानी प्रताप बाजार आयुर्वेदिक चिकित्सालय मे धनवतंरी की पूजा अर्चना हुई

द डेस्प्रिंग

नगराज वैष्णव । राजकीय ब्लॉक आयुष चिकित्सालय रानी आयुर्वेदिक विभाग में धनवंतरी दिवस पूजा अर्चना मरीजों की सेवा करके बनाया गया इस अवसर पर डॉक्टर जितेंद्र कुमार डॉ शकील मोहम्मद नर्सिंग स्टॉफ आसू सोनी, टीकम चंद बलाई, परिचारक धीरेंद्र त्रिवेदी सुनील कुमार बुनकर

23 अक्टूबर को प्रसिद्ध भजन गायक कन्हैया मित्तल की भजन संध्या

सुजानगढ़ में गूंजेंगी भक्ति की स्वर लहरियां

द डेस्प्रिंग

सुजानगढ़। सुजानगढ़ में भक्ति और संगीत का अनूठा संगम देखने को मिलेगा, जब ओजस्वी भजन गायक कन्हैया मित्तल अपनी प्रभावशाली वाणी से भजनों की रसधारा बहाएंगे। यह भव्य भजन संध्या 23 अक्टूबर को शास्त्री प्याऊ के पास कुबेर गार्डन में आयोजित की जाएगी। सुजानगढ़ नागरिक परिषद के सचिव सीए आदित्य कोठारी ने बताया कि कार्यक्रम का आयोजन सुजानगढ़ नागरिक परिषद, कोलकाता द्वारा उनके हीरक जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में किया जा रहा है। यह कार्यक्रम भूतोड़िया परिवार के सहयोग से संपन्न होगा। कार्यक्रम में सहयोगी की भूमिका महिला जागृति समिति की रहेगी। मीडिया प्रभारी कमल तापड़िया ने बताया कि कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए समिति का गठन किया गया है। परिषद के अध्यक्ष सुनील डोसी , सचिव आदित्य कोठारी के अलावा जगदीश प्रसाद जालान, दिनेश तंवर एवं सुनील जैन सड़ूवाला समिति में शामिल है। कार्यक्रम में पास के द्वारा ही प्रवेश मिलेगा।





राजस्थान टैक्सटाइल हैण्ड प्रोसेसर्स एसोसिएशन
विनय जैन अध्यक्ष • प्रदीप सांड सचिव • रतन मालू उपाध्यक्ष • नरेंद्र पंच संयुक्त सचिव • नीलेश सेमलानी कोषाध्यक्ष
कार्यकारिणी सदस्य: सोहनलाल कवाड़, फतेहचंद पटवारी, नवीन मेहता, नरेंद्र तलेसरा, मुनेश्वरराज मोदी, प्रकाश लसोड़, सुरेशचंद गुप्ता, रितेश मारलेचा, किशोर मेहता, महेंद्र मेहता, सुनील वडेरा, शेखर जैन, राजेश संकलेचा, महावीर मेहता, महेंद्र तलेसरा, संदीप मेहता, वीरेंद्र बाहेती, विशाल कोठारी, नरेंद्र गोलेछा, ललित मालू, सूर्यप्रकाश चौपड़ा, राकेश अखावत, रविमोहन भूतड़ा, केसरीमल छाजेड़, फिरोज भाटी
2, अरबन कॉ-ऑपरेटिव बैंक के पास, मण्डिया रोड औद्योगिक क्षेत्र, पाली-306401 (राज.) email: rthpapali@gmail.com

मण्डावरी हत्याकांड का खुलासा अवैध संबंध के विवाद में युवक की पीट-पीटकर हत्या, चार आरोपी गिरफ्तार

डीएसटी दौसा और मण्डावरी थाना पुलिस की संयुक्त कार्रवाई से खुला सनसनीखेज राज

द डेस्प्रिंग

मनोज खंडेलवाल । मण्डावरी थाना क्षेत्र में 15 अक्टूबर की रात घटित हुए युवक की निर्मम हत्या के सनसनीखेज मामले का पुलिस ने पर्दाफाश कर दिया है। डीएसटी दौसा और मण्डावरी थाना पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। प्रारंभिक जांच में खुलासा हुआ है कि हत्या का कारण मृतक के आरोपी परिवार की एक महिला से अवैध संबंध था, जिसे लेकर उपजे आक्रोश में चारों युवकों ने लाठी, सरियों और बेल्ट से हमला कर युवक की हत्या कर दी। थानाधिकारी रामकंवर के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने दर्ज प्रकरण संख्या के तहत त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपियों – दिलखुश मीना, दिलराज मीना उर्फ धोल्या, अभिषेक मीना उर्फ अभि और यशपाल मीना उर्फ पीयूष उर्फ पन्नू को धरदबोचा।

मामला उस समय उजागर हुआ जब 16 अक्टूबर की सुबह मृतक मक्खनलाल मीना (18 वर्ष) के पिता भोगराज मीना ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसके पुत्र को 15 अक्टूबर की रात किसी ने फोन कर बुलाया था। देर रात इन्द्रराज के पुत्र ने फोन पर कहा – ÷हमने तेरे बेटे के हाथ-पैर तोड़कर टीला वाले बाबा के रास्ते में फेंक दिया है।÷ सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुँचे, जहाँ मक्खनलाल मृत अवस्था में पड़ा मिला। शव को मण्डावरी उपजिला चिकित्सालय ले जाया गया, जहाँ डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। रिपोर्ट दर्ज होते ही डीएसटी दौसा और थाना पुलिस की टीमें सक्रिय हो गई। आरोपियों की तलाश में दौसा, जयपुर और सवाईमाधोपुर जिलों में दबिश दी गई। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि दो आरोपी ट्रेन से हैदराबाद भागने की फिराक में हैं। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उत्तर प्रदेश के गथुरा जंक्शन से अभिषेक मीना और यशपाल मीना को दबोच लिया, जबकि दिलखुश मीना और दिलराज मीना को मण्डावरी क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया गया। अनुसंधान से यह तथ्य सामने आया कि मृतक का आरोपी दिलराज मीना के परिवार की महिला से अवैध संबंध था। इसी रंजिश में चारों युवकों ने योजनाबद्ध तरीके से 15 अक्टूबर की रात ढाणी घोलीपाल तन खुर्रा क्षेत्र में मक्खनलाल को बुलाया और बेरहमी से पीट-पीटकर उसकी हत्या कर दी।

गिरफ्तार आरोपी –

1 दिलखुश मीना (22) पुत्र इन्द्राज, निवासी ढाणी घोलीपाल तन खुर्रा थाना मण्डावरी।
2 दिलराज मीना उर्फ धोल्या (20) पुत्र इन्द्रराज, निवासी घोलीपाल तन खुर्रा।
3 अभिषेक मीना उर्फ अभि (22) पुत्र रामनरेश, निवासी कोहली प्रेमपुरा थाना बामनवास जिला सवाईमाधोपुर।
4 यशपाल मीना उर्फ पीयूष उर्फ पन्नू (19) पुत्र अनूप कुमार, निवासी सेवा थाना वजीरपुर जिला सवाईमाधोपुर।

थानाधिकारी रामकंवर ने बताया कि आरोपियों से गहन पूछताछ जारी है तथा अपराध में प्रयुक्त हथियार लाठी, सरिया और बेल्ट बरामद करने के लिए विशेष टीमें गठित की गई हैं। डीएसटी दौसा की त्वरित कार्रवाई इस हत्याकांड के खुलासे में निर्णायक साबित हुई है।

थालड़का पुलिस चौकी में सीएलजी बैठक आयोजित दीपावली त्यौहार शांतिपूर्ण एवं भाईचारा से मनाने की अपील

द डेस्प्रिंग

हनुमानगढ़ (विनोद चौधरी) । पुलिस चौकी थालड़का में शनिवार को सीएलजी बैठक आयोजित की गई। बैठक कि अध्यक्षता चौकी प्रभारी मांगेराम मोठसरा ने कि और बैठक में सीएलजी सदस्य एवं स्थानीय बाजार के दुकानदार एवं चौकी क्षेत्र के गांवों के गणमान्य लोगों ने भाग लिया। बैठक में आए हुए लोगों ने अपने विचार रखे हुए कहा कि त्यौहार को देखते हुए समय रहते पुलिस अपनी अपने क्षेत्र में गश्त बढ़ाएं जिसे क्षेत्र में शांति बनी रहे। चौकी प्रभारी मांगेराम

मोठसरा ने लोगों से अपील की दीपावली त्यौहार कि सभी क्षेत्रवासियों को हार्दिक शुभकामनाओं के साथ क्षेत्र में त्यौहार शांतिपूर्वक , भाईचारे एवं खुशियों के साथ मनाना है और उन्होंने कहा कि चौकी क्षेत्र में किसी प्रकार की अप्रिय घटना हो तो तुरंत प्रभाव से पुलिस चौकी में सूचना करें उन्होंने कहा कि स्थानीय बाजार में जो पटाखे की दुकान है उसके पास में पानी की पूरी व्यवस्था रखें और पूरा-पूरा ध्यान रखें किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बर्तनी है। चौकी प्रभारी ने लोगों को भरोसा दिलाया कि पुलिस चौकी क्षेत्र में गश्त जारी रखेगी। मौके पर सीएलजी सदस्यों ने चौकी प्रभारी को दीपावली त्यौहार को लेकर थालड़का मुख्य बाजार में शाम के समय यातायात व्यवस्था सुधारने का सुझाव दिया। इस मौके प्रशासक राधेश्याम सहारण ,कृष्णलाल फौजी, हरिसिंह थालोड़, कृष्ण लाल सिहाग ,लालसुभाष गोदारा, डॉ ओम प्रकाश, मुकेश शर्मा, सरजीत कड़वासरा, मदनलाल, राजेंद्र कड़वासरा, सुभाष बाल्मीकि, कृष्ण भीड़ासरा, साहबराम सोनी, गुरुवीरसिंह, विनोद कुमार सेठ, सुभाष डूडी, अनूप तंवर, भूप सिंह सहारण , मदन शर्मा, दुलाराम मिस्त्री, ज्ञानी वर्मा, एव कन्हैयालाल कांस्टेबल, लक्ष्मी नारायण कांस्टेबल एवं मंजू बाला महिला कांस्टेबल मौजूद रहे।

सामाजिक सुरक्षा योजना बनी सहारा : मृतक के परिजनों को मिले दो-दो लाख रुपए के दो चेक

द डेस्प्रिंग

मुंडावर /हवासिंह चौधरी । सोडावास कस्बे के राजस्थान ग्रामीण बैंक की शाखा द्वारा मृतक अजय मीणा उम्र 24 वर्ष के पिता किशोर सिंह मीणा निवासी क्यारा को दो-दो लाख रुपए के दो चेक की कुल राशि चार लाख रुपए के चेक राजस्थान ग्रामीण बैंक के मैनेजर द्वारा दिए गए।

गौरतलब है कि युवक अजय मीणा अपने पिता की इकलौती संतान था। जिसकी सड़क दुर्घटना में गत दिनों मौत हो गई थी। युवक का सोडावास बैंक में खाता था। जिसमें युवक ने बैंक मित्र उमेश के द्वारा 20 प्लस 436 रुपए वार्षिक शुल्क में दो-दो लाख के दो बीमे पीएम एसबीआई तथा पीएमजेजेबीवाई लिए थे। राजस्थान बैंक मैनेजर ने दो चैक राशि चार लाख के चेक द्वारा राशि दी गई।

ग्राम पंचायत थालड़का में धनतेरस पर लोगों ने जमकर की खरीदारी पूरे बाजार में रौनक

द डेस्प्रिंग

हनुमानगढ़(विनोद चौधरी) । गांव थालड़का में धनतेरस के अवसर पर शनिवार को बाजार गुलजार रहा। लोगों ने धनतेरस शुभ दिन पर जमकर खरीदारी की, जिससे बाजारों में रौनक बनी रही। बाजार में शाम की समय दूर-दराज से आए लोगों ने भी खरीदारी में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सिंगला बर्तन भंडार के प्रोपराइटर पुरुषोत्तम सिंगला ने बताया कि धनतेरस के सुबह से ही लोग जमकर खरीदारी की और अच्छी अच्छी बिक्री है।

धनतेरस का त्योहार पारंपरिक रूप से खरीदारी और समृद्धि से जुड़ा है। इस दिन लोग धातु के बर्तन, आभूषण, वाहन और अन्य शुभ वस्तुएं खरीदते हैं, जिसे शुभ माना जाता है। मिठाईयां, फूल, बर्तन, सजावटी सामान और कपड़ों की दुकानों पर भी खूब रौनक रही। महिलाएं और बच्चे अपने परिजनों के साथ खरीदारी करते दिखे।ग्राहकों की भीड़ देखकर दुकानदारों केय चेहरों पर भी खुशी साफ झलक रही थी।पुलिस प्रशासन की ओर से भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद की गई थी। त्योहार के इस अवसर पर गांव में दीपों, झालरों और रंग-बिरंगी लाइटों से जगमगा उठा है। लोगों में धनतेरस और दीपावली को लेकर उल्लास और उमंग चरम पर नजर आ रहा है।

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक अमरदीप शर्मा के लिए जैमन प्रिंटर्स प्रा. लि. रोड नं. 14 पी विश्वकर्मा इंडस्ट्रियल एरिया जयपुर, 302013 से मुद्रित एवं एफ- 43 गोविंदम टावर ,करधनी कालवाड़ रोड जयपुर से प्रकाशित। प्रधान कार्यालय:- एफ- 43 गोविंदम टावर करधनी कालवाड़ रोड जयपुर 302012 (राज.) संपादक अमरदीप शर्मा । राजस्थान मीनू सेन प्रबंध संपादक सीकर मो: नंबर 8619639447